

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

UTTHIN/2022/85670

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026



वर्ष : 04 | अंक : 24 | हरिद्वार | शनिवार, 28 जून, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4

# प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

जतिन शर्मा



## मुख्यमंत्री जनपदों में आयोजित होने वाले तहसील एवं थाना दिवस के दौरान किसी एक जनपद में औचक रूप से होंगे शामिल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। 06 माह से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने अनावश्यक रूप से जन शिकायतें फोर्स क्लोज न किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन को राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस में लाने के लिए और प्रभावी प्रयास किए जाएं। गुरूवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 के समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन पूरे राज्य में तहसील दिवस का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री तहसील दिवस के दिन किसी एक जनपद में औचक रूप से प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह एक दिन पूरे राज्य में थाना दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी का नियमित आयोजन किया जाए। पुलिस और प्रशासन द्वारा मिलकर अतिक्रमण और वेरिफिकेशन अभियान और प्रभावी रूप से चलाए जाएं। प्रत्येक जनपद में दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं, इसके लिए सभी जनपदों में शीघ्र नोडल अधिकारी बनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां भी बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर की स्थिति खराब है, उन्हें शीघ्र बदला जाए। सभी ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं कम वोल्टेज और बिजली के तार लटकने की समस्या न आए, ऐसे प्रकरण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी प्राधिकरणों से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों के घरों के नक्शे पास करने में पेंडेंसी न हो। उन्होंने कहा कि सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को सम्मानित किया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के निस्तारण में अच्छा कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने परिवहन, कृषि, समाज कल्याण, आबकारी एवं ऊर्जा विभाग की सराहना की। लोक निर्माण विभाग, भू-विज्ञान और खनन, राजस्व, गृह एवं वित्त विभाग को शिकायतों के निवारण में और तेजी लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। सीएम हेल्पलाइन में पेयजल, स्ट्रीट लाइट के रख-रखाव, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन, बिजली कटौती और बिजली के बिल से संबंधित शिकायतें अधिक आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से बात भी की। उत्तरकाशी के उपेन्द्र सिंह रावत की पेयजल लाइन की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। हरिद्वार से आलम ने स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत की थी, उनकी समस्या का समाधान हो चुका है। देहरादून के हृदेश नेगी ने कहा कि उनकी पुलिया के निर्माण संबंधी शिकायत पर कार्य शुरू हो चुका है। चमोली के गौरव नौटियाल की पेयजल संबंधी शिकायत का भी समाधान हो चुका है। नैनीताल से देवेंद्र ने कम वोल्टेज की शिकायत का भी समाधान किया जा चुका है। बैठक में उत्तराखंड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिवगण, अपर सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकतंत्र के काले अध्याय की जानकारी प्रत्येक पीढ़ी को होनी चाहिए :भट्ट

देहरादून। भाजपा देश की भांति प्रदेश में भी आपातकाल की 50 वीं बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, ये भारतीय लोकतंत्र का वो काला अध्याय है, जिसे हर पीढ़ी को जानना आवश्यक है ताकि भविष्य में फिर कभी संवैधानिक भावनाओं, संसदीय अधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी का दमन न हो सकेउन्होंने कहा, हम अपने संविधान में सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। साथ ही प्रतिबद्धता से हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूते हुए गरीबों और दलितों के सपनों को पूरा भी कर रहे हैं। लेकिन बावजूद इसके हमारा स्पष्ट मानना है कि भारतीय लोकतंत्र में 25 जून 1975 को लिखे आपातकाल के इतिहास को याद रखना प्रत्येक पीढ़ी के लिए जरूरी है। इसी उद्देश्य से भाजपा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को संविधान हत्या दिवस के रूप में देश की तरह प्रदेश में विधानसभा स्तर पर मना रही है। क्योंकि इस दिन, भारतीय संविधान के मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था, प्रेस की आज़ादी को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया था।

गुरुकृपा दर्पण
(राष्ट्रीय समाचार पत्र) को
आवश्यकता है उत्तराखण्ड
एवं उत्तर प्रदेश के समस्त
जिलों के लिए ब्यूरो चीफ,
कैमरा मैन, संवादाताओं की।
सम्पर्क करें –
9410731129, 9548880101

# रुद्रप्रयाग बस हादसे में घायलों के उपचार हेतु चिकित्सकों को किया निर्देशित :डॉ अग्रवाल





जतिन शर्मा

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स में भर्ती रुद्रप्रयाग बस हादसे में घायलों का हाल जाना। उन्होंने सभी घायलों को समुचित उपचार देने के चिकित्सकों को निर्देशित किया। एम्स में पहुंचे डॉ अग्रवाल ने चालक सहित सभी चारों घायलों का हाल जाना। उन्होंने एम्स के ट्रामा वार्ड के रेड एरिया में भर्ती सभी घायलों के स्वास्थ्य हाल की जानकारी चिकित्सकों से ली। उन्होंने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है। इसका डॉ अग्रवाल ने सभी घायलों को समुचित उपचार देने के निर्देश दिए।

# सम्पादकीय

## पड़ोसी मुल्कों की साजिशे



सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

भारत एक ऐसा देश है कि जो अपने पड़ोसियों देशों से परेशान हैं क्योंकि अभी हाल ही में पाकिस्तान के साथ पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद तीन दिनों का युद्ध भी हुआ। बांग्लादेश में भारत विरोधी सरकार है। पूर्व में ही एक अन्य देश म्यांमार में सैनिक शासन है और वहां ग्रह युद्ध चल रहा है। ऑर्गन आर्मी ने तीस प्रतिशत उस भूभाग पर कब्जा कर लिया जहां से कारिडन कोरिडोर गुजर रहा है जिसे भारत चिकन नेक के वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित कर रहा है ताकि जरूरत पड़ने पर पश्चिमी बंगाल के जलपाईगुड़ी और गोहाटी की दूरी भी कम हो सके और दूसरा रास्ता भी मिल जाय।क्योंकि इस मुर्गे की गर्दन पर बांग्लादेश की ब्लैक मेलिंग पूर्वी पाकिस्तान के समय से चल रही है और चाइना की नजर हमेशा अरुणाचल प्रदेश और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों पर बनी रहती है। जब शेख हसीना सरकार बांग्लादेश में थी तब भारत आराम दायक स्थिति में था लेकिन मुस्लिम कट्टर पंथियों की जमायत इस्लामी सरकार ऐसा लगता है कि 1971 से पहले की स्थिति को बांग्लादेशी आवाम को भूलने का अभियान चला रही है और चाइना पूरी तैयारी के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश को हवा दे रहा हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता अभियान के साथ छायादार पौधे लगाए



हरिद्वार। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में प्रभारी जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला प्रशासन एवं नगर निगम हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया गया। अभियान के दौरान छायादार वृक्षों का को रोपित भी किया गया। प्रभारी जिला जज संजीव कुमार ने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। इस अवसर पर प्राधिकरण की सचिव सम्राट सिमरनजीत कौर ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद में स्वच्छता पखवाड़े के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सी सी आर टावर चौक , रोडी बेलवाला आदि हरकी पैड़ी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण, शिक्षा विभाग से आए अध्यापक एवं विद्यार्थी गण , पैनल अधिवक्ता, एल०ए०डी०सी०, पैरा लीगल वॉलंटियर्स/अधिकार मित्र, जिला जजी के कर्मचारीगण एवं प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद स्वच्छता अभियान के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्राधिकरण की सचिव एवं नगर निगम की ओर से छायादार पौधों को रोपित कर किया गया। इस स्वच्छता अभियान में विभिन्न चिन्हित स्थानों से कुड़ा एकत्रित करके उसका निस्तारण किया गया तथा लोगों व दुकानदारों को कुड़ा कूड़ेदान में डालने व अपने आस पास सफाई रखने के प्रति जागरूक भी किया गया।

# हरदा बिखरी टीम के शून्य पर आउट हारे हुए कप्तान, सेमीफाइनल का दावा हास्यास्पद :चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बिना टीम के 2027 का फाइनल जीतने का दावा कर रहे हैं जो कि पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि वह दो मुकाबलों में शून्य पर आउट होने वाले कप्तान है और उनके नेतृत्व मे कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है। पूर्व सीएम के बयान पर पलटवार करते हुए चौहान ने कहा कि अब उनकी रणनीति को लेकर कांग्रेस मे ही सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के लंगड़े घोड़े संबंधी बयांन को कांग्रेस के ही बड़े नेता हरदा से जोड़कर देख रहे है। बीते दिनों कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और विधायक की तकरार भी सामने आयी थी जिसमें विधायक हरदा का बचाव करते दिखे। श्री चौहान ने कहा कि हरदा की कप्तानी में 2017 और 2022 मे हुए मुकाबले मे कांग्रेस का क्या हस्र हुआ यह किसी से छिपा नही है। हालांकि हरदा दोनों ही मुकाबलों में शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज रहे। अब हरदा खुद पर भी संदेह जता रहे हैं और मैदान में होने को गलती करार दे रहे है। बड़े मुकाबले में वह और उनकी टीम अब तक कहीं भी नजर नही आयी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सीएम पुष्कर धामी के रूप मे ऐसा आलराउंडर है कि जो बेटिंग और बौलिंग में ओपन के साथ मैदानी रणनीति मे विपक्ष को मौका नही देता। जनता बार बार भाजपा को विकास कार्यों की बदौलत मौका दे रही है और कांग्रेस को यह समझने की जरूरत है कि उसे जनता ने माफ नही किया है। हरदा माफी मांगने राज्य के सभी तीर्थों का भ्रमण कर आये हैं, लेकिन अभी जनता की अदालत मे नही गए है, क्योकि वह सच जानते हैं। श्री चौहान ने कहा कि पहले पंचायत चुनाव न कराने की मंशा का आरोप सरकार पर लगा रही काग्रेस अब चुनाव घोषित होने के बाद अब आरक्षण का राग अलाप रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने जो रोस्टर जारी किया वह विधि सम्मत और नियमों के अनुरूप है। आपतियाँ मांगने के बाद सभी का निस्तारण हुआ है, लेकिन हार की आशंका से कांग्रेस डरी है और खुद इसे 2027 का सेमी फाइनल भी करार दे रही हैउन्होंने कहा कि फाइनल के लिए कांग्रेस को पहले कप्तान और टीम गठन पर फोकस करने की जरूरत है। कांग्रेस में कप्तान कोई भी हो हरदा सुपर बॉस अब तक रहे हैं। जिन पंचायतों को कांग्रेस सेमीफाइनल करार दे रही है वहां कांग्रेस का कोई ढांचा नही है, जबकि भाजपा का बूथ और यूथ हर जिले मे मजबूती से सेवा कार्यों मे जुटा है।

# जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड पर लगाया जुर्माना

हरिद्वार। खराब एक्वागार्ड ठीक न करने के मामले में जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष गगन गुप्ता एवं सदस्य रंजना गोयल ने विक्रेता व यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को उपभोक्ता सेवा में कमी करने पर एक्वागार्ड के बदले नया एक्वागार्ड देने तथा मानसिक क्षति के लिए पांच हजार व शिकायत खर्च एवं अधिवक्ता फीस के रूप में तीन हजार रुपये शिकायतकर्ता को अदा करने के आदेश दिए हैं। रानीपुर बीएचईएल निवासी सुंदर सिंह रावत ने यूरेका फोर्ब्स कंपनी निर्मित एक एक्वागार्ड विक्रेता श्री गंगा इंटरप्राइजेज ज्वालापुर से अक्तुबर 2018 में 11 हजार तीन सौ रूपये में खरीदा था। विक्रेता ने शिकायतकर्ता को एक मेनुवल बुक देते हुए उक्त एक्वागार्ड की एक वर्ष की वारंटी दी थी। एक्वागार्ड सही काम ना करने पर नया देने का आश्वासन भी दिया था। खरीदने के दो दिन बाद एक्वागार्ड लगाने गए कर्मचारी ने शिकायतकर्ता से सौ रूपये चार्ज लिया था। थोड़े दिन बाद उक्त एक्वागार्ड में बिजली सप्लाई व गंदा पानी आने की समस्या पैदा हो गई थी। जिसपर विक्रेता ने एक कर्मचारी को भेजकर बिजली सप्लाई ठीक कराकर 150 रुपये चार्ज लिया था लेकिन गंदे पानी की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। उसके बाद एक्वागार्ड ने काम करना बंद कर दिया था। विक्रेता व कंपनी प्रबंध निदेशक ने शिकायतकर्ता की किसी समस्या व शिकायत का समाधान नहीं किया। जबकि जून 2019 से लगातार उक्त एक्वागार्ड बन्द पड़ा हुआ था। पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने स्थानीय विक्रेता व कम्पनी के प्रबंध निदेशक को संयुक्त रूप से उपभोक्ता सेवा में कमी करने का दोषी ठहराया है।

# प्रेस क्लब में पत्रकारों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

हरिद्वार। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब हरिद्वार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। योग दिवस कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार योगाचार्य राधिका नागरथ ने कहा कि हर साल 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग मनाते हैं। योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है, जो आपके हर बॉडी पार्ट को स्वस्थ रखने का काम करता है। इसके साथ ही ये आपके शरीर के 7 चक्रों को भी प्रभावित करता है। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि योग, वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग की महिमा ऐसी है कि ये ना केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। कहा कि पूरी दुनिया योग करने से मिलने वाले फायदों के बारे में जानती है। ऐसे हर वर्ष 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह से मनाते हैं।योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है, जो आपके हर बॉडी पार्ट को हेल्दी रखने का काम करता है। इसके साथ ही ये आपके शरीर के 7 चक्रों को भी प्रभावित करता है। कहा कि आपके शरीर में मौजूद ये 7 चक्र एनर्जी सेंटर सिर्फ आध्यात्मिक नहीं हैं, बल्कि ये आपके शरीर, मन और भावनाओं को ठीक रखने की चाबी भी हैं। चाहे आपने अभी नया-नया योग करना शुरू किया हो या लंबे समय से कर रहे हों, अगर आप इन चक्रों को समझते हैं और सही तरीके से उन्हें एक्टिवेट करते हैं, तो योग आपके शरीर पर और भी गहरा पॉजिटिव प्रभाव डालता है। योगाभ्यास कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. राधिका नागरथ, भावना भारद्वाज, रोहित वर्मा ने सभी को योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी योग गुरुओं को प्रेस क्लब की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।


darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी

**सहसम्पादक**

जतिन शर्मा

**सहसम्पादक**

विक्रान्त शर्मा

**कानूनी सलाहकार**

जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# नभ नेत्र ड्रोन से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी




## कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में ही तैनात रहेगा ड्रोन

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का नभ नेत्र ड्रोन इस साल कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगा। ड्रोन के जरिए हरिद्वार के भीड़भाड़ वाले स्थलों, सड़कों, घाटों तथा पुलों की निगरानी की जाएगी। राज्य तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से नभ नेत्र ड्रोन के विजुअल्स की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। यूएसडीएमए स्थिति कंट्रोल रूम में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने यह निर्देश दिए। 11 जुलाई से प्रारंभ हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने बताया कि आईआरएस की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं एवं आकस्मिकताओं का प्रभावी तरीके से सामना करने में आईआरएस उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा से संबंधित जनपदों के अधिकारियों से आईआरएस प्रणाली को अपनाने तथा इसके तहत ही यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से योजना का निर्माण करने को कहा। श्री स्वरूप ने कहा कि कांवड़ यात्रा के सुगम एवं सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों के मध्य आपसी समन्वय बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों में सिंगल प्वाइंट आफ कांटेक्ट हेतु एक जिम्मेदार अधिकारी को नामित करने तथा उनकी सूची एसईओसी और डीईओसी के साथ साझा करने के निर्देश दिए। बता दें कि कांवड़ यात्रा के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और यहीं से यात्रा की संपूर्ण निगरानी की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, ड्यूटी आफिसर संयुक्त सचिव विक्रम सिंह राणा, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो० ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे। 3० जून को यूएसडीएमए द्वारा बाढ़ को लेकर आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के दौरान हरिद्वार में सुरक्षित कांवड़ यात्रा तथा गंगा घाटों में सुरक्षा के इंतजामों को परखने के लिए विशेष रूप से मॉक ड्रिल की जाएगी। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने खासतौर पर इसके निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा पर आने वाले कांवड़ियों के मोबाइल फोन में सचेत एप डाउन लोड कराया जाएगा। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने कहा कि सचेत एप कांवड़ियों को मानसून अवधि में मौसम संबंधी सूचनाएं तथा अलर्ट प्रदान करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने एंट्री प्वाइंट्स में सचेत एप डाउन लोड करने संबंधी होर्डिंग तथा बार कोड लगाए जाने के निर्देश दिए। टोल फ्री नंबर 112, 1०7०, 1०77 के बारे में भी कांवड़ियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे किसी आपात स्थिति में इन नंबरों में फोन कर मदद मांग सकें। गंगा घाटों में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जल पुलिस के अलावा 6० आपदा मित्र भी गंगा घाटों में तैनात रहेंगे। कांगड़ा घाट में सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। एनडीआरएफ की एक टीम कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर देहरादून से अतिरिक्त टीमों को रवाना किया जाएगा।

एससीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप ने कांवड़ यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से संभावित आकस्मिकताओं जैसे, भगदड़, नदी में डूबना, भंडारा स्थल, अस्थायी कैंपों में अग्निकांड, बारिश, बाढ़ और जलभराव, संक्रामक बीमारियों का प्रसार, जाम की समस्या, दुर्घटनाएं आदि को नियंत्रित करने हेतु तैयारी रखने तथा किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में तुरंत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रियों की वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा वहां सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अधिक ऊंचाई वाली कांवड़ को बिजली की तारों से खतरा न हो, इसके लिए भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए।

# 47 व्यक्तियों द्वारा दर्ज कराई गई अपनी-अपनी समस्याएं एवं मांग



हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने जिला कार्यलय सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में जन सुनवाई की। जन सुनवाई में 47 व्यक्तियों द्वारा भूमि, अतिक्रमण और जल निकास आदि से सम्बन्धित समस्याएं एवं मांग दर्ज कराई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात को शालीनता से सुनकर अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हो पाया है, उन्हें सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है ताकि संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि एल 1 और एल 2 स्तर के अधिकारी के पास जितनी भी लंबित समस्याए है उनका प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु फरियादियों से भी निरंतर वार्ता करना सुनिश्चित करें। जिन अधिकारियों ने वार्ता नहीं की है उनका नाम भी प्रदर्शित करे ताकि उन पर करवाई कि जा सके। प्रमुख समस्याओं में प्रदीप कुमार ने सरकारी नाले पर अतिक्रमण की पक्का निर्माण हटाने के सम्बन्ध में, प्रमोद कुमार ने चकबानी त्रुटी के संबंध में, प्रवीण यादव ने भूमि पैमाइश के सम्बन्ध में, कृष्ण कुमार ने रकबा पैमाईश कर कब्जा मुक्त करने के संबंध में जाकिर ग्राम इक्कड़ निवासी द्वारा ग्राम भगतनपुर आबिदपुर से सरकारी चकरोड से अवैध निर्माण हटवाने को लेकर, राजकुमार चौहान, अशोक चौहान ने कृपाल नगर से शांतिनगर का रास्ता बनवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, पार्वती देवी ने टिहरी भागीरथी नगर से ऐथल की सीमा पर स्थित नाले पर हुए अतिक्रमण को खुलवाने के संबंध में,ईश्वर चंद सैनी ने लक्सर ब्लॉक में दुर्गापुर गांव में आबादी के निकट तालाब में मगरमच्छ को पकड़ने के शिकायत की। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एसीपी सदर जितेन्द्र चौधरी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.के. गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके सिंह, परियोजना निदेशक के एन तिवारी,जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत,सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड को मिली ऑल इंडिया पी.आर. कॉन्फ्रेंस-2०25 की मेजबानी

देहरादून। देशभर के जनसंपर्क समुदाय के लिए—और विशेष रूप से उत्तराखंड के लिए—यह अत्यंत गर्व का क्षण है, कि डॉ. अजीत पाठक को जनसंपर्क सोसाइटी ऑफ इंडिया (क्क्रस्ढ्ढ) का लगातार 21वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। नई दिल्ली में गत शनिवार को आयोजित पीआरएसआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2०25-2०27 कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न कराए गए, जिसमें देशभर के 25 राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डॉ. पाठक एवं उनकी टीम का निर्विरोध चुनाव किया गया। इस अवसर पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के सचिव अनिल सती, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र भट्ट, सदस्य दीपक शर्मा , संजय पांडेय द्वारा गर्मजोशी के साथ नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पाठक एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया है। डॉ. पाठक द्वारा वर्ष दिसंबर 2०25 में प्रस्तावित ऑल इंडिया पी.आर. कॉन्फ्रेंस-2०25 की मेजबानी उत्तराखंड को दी गई। डॉ. पाठक द्वारा कहा गया कि आमजन तक केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं के प्रचार-प्रसार में पीआरएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि विजारनिया, उपाध्यक्ष डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, सचिव श्री अनिल सती, कोषाध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र भट्ट, सहित सभी पदाधिकारीगणों एवं सदस्यों द्वारा डॉ. अजीत पाठक एवं उनकी टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी गई। रवि विजारनिया ने कहा राष्ट्रीय कार्यकारणी द्वारा वर्ष 2०25 में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस उत्तराखंड में कराये जाने का निर्णय उत्तराखंड के लिए गर्व का अवसर है और क्षेत्रीय जनसंपर्क जगत के लिए उत्साहवर्धक है। डॉ. अजीत पाठक, जो भारत में जनसंपर्क क्षेत्र में डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं तथा ग्लोबल अलायंस फॉर पब्लिक रिलेशंस एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट के पूर्व सचिव रह चुके हैं, का करियर जनसंपर्क क्षेत्र में अनुकरणीय रहा है।

# जिला प्रशासन के तुफान में प्राइवेट बैंक हुआ चारों खाने चित

अमित कुमार

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल अपने चिरपरिचित अंदाज में जनहित में निरंतर कड़े निर्णय ले रहे हैं। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए भटक रहे फरियादियों की समस्या निस्तारित कर रहे हैं बल्कि त्वरित रिलिफ भी दे रहे हैं।पति की मृत्यु के उपरान्त अपनी सम्पति के कागज छुड़वाने तथा इंश्योरेंश के लिए भटक रही शिवानी गुप्ता के प्रकरण में जिलाधिकारी के आदेश पर देहरादून क्रॉस मॉल, राजपुर रोड स्थित डीसीबी बैंक प्रा०लि० की शाखा को ही सीज कर दिया था। बैंक की सम्पति कुर्क करते ही बैंक प्रबन्धक के होश ठिकाने आ गए तथा बैंक द्वारा शिवानी गुप्ता के सम्पति के कागज वापस किये साथ ही नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी घर जाकर दिया। सीएम के प्रताप से जिला प्रशासन हमेशा असहाय, निर्बल, जरूरतमंद के साथ है। जिला प्रशासन जनहित में निरंतर सख्त निर्णय ले रहा है। शिवानी गुप्ता प्रकरण में डीएम के आक्रमक रवैया देख प्राइवेट बैंक डीसीबी ने विधवा फरियादी की चौखट पर ही जाकर बन्धक बनाए गए



सम्पति के कागज वापस लौटाएं है तथा नो ड्यूज सर्टीफिकेट भी जारी किया है। जिला प्रशासन का आजकल चिरपरिचित अंदाज; फरियादी को न्याय, नाफरमानी पर अकाल्पनिक सख्त एक्शन से जहां विभागों में हड़कम हैं वही फरियादियों को त्वरित न्याय भी मिल रहा है। विधवा महिला फरियादी शिवानी गुप्ता के पति की मृत्यु उपरांत के एक वर्ष से न्याय को भटक रही थी। जिला प्रशासन की ग्राउंड टीम ने तीसरे ही दिन, प्रा० बैंक को सील कर बैंक के होश ठिकाने ला दिए हैं। डीएम के गहन पर्यवेक्षण में एसडीएम कुमकुम ने न्याय को अंजाम दिया। जिला प्रशासन के इस प्रभावी एक्शन से डीसीबी बैंक ने फरियादी की सम्पति के कागज उनके घर जाकर वापस लौटाये तथा 15.5० लाख ऋण माफ करते हुए नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी जारी किया।जिला प्रशासन के इस तुफानी एक्शन से जहां प्राइवेट बैंक चारो खाने चित हो गया है वहीं जिला प्रशासन के इस एक्शन लापरवाही एवं नाफरमानी करने वाले कार्मिकों में भय का माहौल व्याप्त है। जिलाधिकारी का कड़ा रूख देख बैंक द्वारा शिवानी गुप्ता के सम्पति के कागज तो लौटाये ही साथ 15.5० लाख ऋण माफ करते हुए नो ड्यूज का सर्टीफिकेट भी घर जाकर दिया। जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम

## डीएम के आक्रमक रवैया देख विधवा फरियादी की चौखट पर ही जाकर निजी बैंक डीसीबी ने लौटाये सम्पति के कागज, दिया नो ड्यूज सर्टीफिकेट, शून्य किया ऋण

में शिवानी गुप्ता पत्नी स्व० रोहित निवासी अमर भारती, चन्द्रबनी अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी। शिवानी गुप्ता ने बताया कि उनके पति द्वारा डीसीबी प्रा० लि० बैंक से 15.5० लाख का ऋण लिया था, जिसका बीमा आईसीआई लोंबार्ड कंपनी द्वारा किया गया था। उनके पति का 15 मई 2०24 आकस्मिक निधन हो गया था। शिवानी गुप्ता ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनकी आय का कोई साधन न होने के कारण बैंक किस्त जमा नही हो पा रही है। बीमा कम्पनी द्वारा बैंक लोन देने से मना किया जा रहा है। डीसीबी बैंक व बीमा कंपनी से इस संबंध में कई बार अनुरोध किया है, परंतु बीमा कंपनी द्वारा धनराशि दिए जाने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है और बैंक द्वारा बार-बार किश्त जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिस पर डीएम ने बैंक प्रबन्धक डीसीबी प्रा०लि० को उपस्थित होने और महिला की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे।जिला प्रशासन द्वारा ०9 जून को सम्बन्धित बैंक प्रबन्धक के विरुद्ध ब्याज सहित रू० 17०5००० आरसी जारी करते हुए 16 जून तक आरसी जमा करने के निर्देश दिए गए थे। डीसीबी प्रबंधक को बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी उक्त प्रकरण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। जिलाधिकारी के आदेश और असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी के निर्देशों पर 18 जून,2025 को देहरादून क्रॉस मॉल, राजपुर रोड स्थित डीसीबी शाखा की चल संपत्ति को नियमानुसार कुर्की करते हुए बैंक शाखा को सीज किया कर दिया था।

# पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील

जतिन शर्मा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और यात्रियों से पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। गुरूवार को रूद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घायलो को त्वरित चिकित्सा सहायता दी जा रही है और लापता लोगों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशासन एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिये है कि पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक वाहनों की लगातार जांच सुनिश्चित की जाए। खतरनाक मोड़ों और ढलानों पर चेतावनी संकेतकों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए तथा आवश्यक स्थलों पर सुरक्षा रेलिंग एवं पैराफिट सुनिश्चित किए जाएं। प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मौसम पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्गों की स्थिति की निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी समय में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की कार्य योजना तैयार की जाए।

# 'फिट इंडिया अभियान' के तहत जवानों को मिला फिटनेस का उपहार




हरिद्वार/ देहरादून। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एस डी आर एफ उत्तराखंड के जॉलीग्रांट परिसर में एक अत्याधुनिक एवं पूर्णत: वातानुकूलित जिम का उद्घाटन सेनानायक अर्पण यदुवंशी द्वारा किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रेरित 'फिट इंडिया अभियान' के तहत एस डी आर एफ कार्मिकों की शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन एवं कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नवीन जिम अत्याधुनिक फिटनेस उपकरणों से युक्त है एवं इसमें कार्डियो, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, फ्री वेट व स्ट्रेचिंग के लिए अलग-अलग क्षेत्र विकसित किए गए हैं। प्रशिक्षकों की निगरानी में जवानों को सुरक्षित, प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण व्यायाम की सुविधा प्राप्त होगी।इस अवसर पर सेनानायक अर्पण यदुवंशी द्वारा जिम परिसर का निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- एस डी आर एफ के लिए केवल तकनीकी दक्षता नहीं, अपितु शारीरिक व मानसिक फिटनेस भी उतनी ही अनिवार्य है।

# डीएम ने सहायक अभियंता सिंचाई का वेतन रोकने का दिया निर्देश

हरिद्वार। मां गंगा और पानी से संबंधित विषयों एवं समस्याओं पर तुरन्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक लेते हुए जिला कार्यालय सभागार में संबंधित अधिकारियों दिए। जिलाधिकारी ने मोक्ष घाट व स्नान घाट का संरक्षण न करने के साथ ही सामान चोरी होने पर भी नियमानुसार कार्यवाही न करने पर श्यामपुर के प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न विषयों पर कोई भी संतोषजनक जवाब न देने तथा बैठक में अधूरी तैयारियों के साथ आने पर सहायक अभियंता सिंचाई का माह जून का वेतन रोकते हुए कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मीट की दुकानों पर अवैध स्लॉटिंग न हो। उन्होंने मीट की दुकानों पर समय- समय पर छापेमारी करने तथा नियम विरुद्ध शॉप संचालित करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि फूलों की दुकानों पर फूल ही बिके तथा अवैध दुकानें संचालित न हों। उन्होंने पुलिस, राजस्व तथा नगर निगम को हरकी पौड़ी क्षेत्र में सख्ती से कार्यवाही करने तथा नियम कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जालियां लगाने के निर्देश हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने पुरानी राख का सही से निस्तारण न करने पर भेल को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश पीसीबी के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सीईटीपी से निकलने वाले पानी की समय समय पर गुणवत्ता जांचने के निर्देश भी पीसीबी के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमण चिन्हित करते हुए नियमानुसार सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश सिंचाई विभाग उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश के अभियंताओं को दिए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक
**देवेन्द्र जौहरी** द्वारा
साप्ताहिक समाचार पत्र
**''गुरुकृपा दर्पण''** को
रूद्र प्रिंटिग प्रेस, ई-34,
ओल्ड इन्ड्रस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं
एस-3, अशोक विहार कालोनी,
कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. - **9997331129**
E-mail :
gurukripadarpan@gmail.com